अमर उजाला 12/03/2026

क्विज में गौरव, दक्ष और रितिक की टीम अव्वल

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के मैनेजमेंट विभाग की ओर से बिजनेस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. भारती विज ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसी शैक्षणिक गतिविधियों से विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक क्षमता और निर्णय लेने की शक्ति मजबूत होती है।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान व्यक्तित्व विकास के लिए अनिवार्य है। प्रतियोगिता में 6 टीमों ने हिस्सा लिया। रोमांचक मुकाबले में गौरव भारद्वाज, दक्ष और रितिक मल्होत्रा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं तन्वी, नैना व हर्ष की टीम दूसरे और ईशान, प्रीति व आदमय की टीम तीसरे स्थान पर रही। संवाद

अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता के विजेता व शिक्षक। प्रवक्ता